**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 15.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **कुवैत अग्निकांड में मृत मो. अली का शव पहुंचा रांची, राज्य सरकार की ओर से आश्रितों को दी गयी पांच लाख रुपये की सहायता राशि।**
2. **रक्सौल–हल्दिया सिक्स लेन एक्सप्रेस–वे झारखंड के देवघर और जामताड़ा से होकर गुजरेगा, केन्द्र ने दी मंजूरी।**
3. **राज्य में अगले दो दिन गर्मी से राहत नहीं, 17 जून से बदलेगा मौसम, 19 जून को मानसून के दस्तक देने की संभावना।**
4. **8वीं एशियन कराटे चैंपियनशिप में भारत की ओर से खेलते हुए झारखंड के खिलाड़ियों ने छह स्वर्ण समेत 20 पदक जीते।**

**********************

कुवैत अग्निकांड में रांची के हिन्दपीढ़ी निवासी मो. अली हुसैन की भी मौत हो गयी है। उनका शव आज कुवैत से कोच्चि और दिल्ली होते रांची लाया गया। रांची एयरपोर्ट पर जिले के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा मौजूद थे। उन्होंने शोक संतप्त परिजनों को ढाढस बंधाया और मुख्यमंत्री झारखंड अंतर्राष्ट्रीय प्रवासी श्रमिक अनुदान योजना के तहत पांच लाख रुपये की सहायता राशि चेक के माध्यम से प्रदान की।

**********************

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने भारत माला प्रोजेक्ट के तहत रक्सौल–हल्दिया सिक्स लेन एक्सप्रेस–वे के डीपीआर को मंजूरी दे दी है। रक्सौल–हल्दिया एक्सप्रेस–वे देवघर और जामताड़ा होकर गुजेरगा। यह पश्चिम बंगाल के हल्दिया पोर्ट तक जायेगा। इसके तहत देवघर में 65 किलोमीटर और जामताड़ा में 50 किलोमीटर सिक्स लेन सड़क बनेगी। गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे ने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट के माध्यम से बताया कि यह एक्सप्रेस–वे तैयार हो जाने पर देवघर से पटना व कोलकाता का सफर तीन घंटे में पूरा होगा। इस योजना की कुल लागत लगभग 60 हज़ार करोड़ है। नेपाल के सीमा रक्सौल से हल्दिया तक यह सड़क 719 किलोमीटर होगी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने डीपीआर की मंजूरी दिये जाने के बाद नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के चेयरमैन को कैबिनेट में प्रस्ताव भेजने के लिए तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया है। कैबिनेट से मंजूरी मिलने के बाद टेंडर की प्रक्रिया शुरू होगी।

**********************

गोड्डा के सांसद निशिकांत दुबे ने जिले में हर घर नल से जल योजना में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। इस सिलसिले में उन्होंने केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री को पत्र लिखा और पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। श्री दुबे ने कहा है कि गोड्डा जिले में  जिस व्यक्ति को जल जीवन मिशन का काम मिला है उसके खिलाफ सीबीआई और ईडी की जांच चल रही है। उन्होंने यह भी कहा है कि गोड्डा में इस योजना के तहत बिछायी गयी पाइपलाइन केन्द्र सरकार के मानक के अनुरूप नहीं है।

**********************

कोडरमा के झुमरी तिलैया में अघोषित बिजली कटौती को लेकर विधायक डॉ नीरा यादव ने स्थानीय लोगों की मौजूदगी में विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगायी। इसके बाद विभाग केअधीक्षण अभियंता सुधांशु ने झुमरी तिलैया शहर को प्रतिदिन कम से कम 20 घंटे बिजली मुहैया कराने का भरोसा दिलाया और कहा कि निर्बाध बिजली आपूर्ति में आ रही तकनीकी खामियों को बरसात से पहले दूर कर लिया जायेगा।

**********************

हजारीबाग जिले में गहरे जलाशयों, झील, झरनों और तालाबों में प्रतिदिन युवाओं के डूबने की घटना पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने चिंता व्यक्त की है। उन्होंने लोगों से अपील की है बंद पड़ी खदानों के जलजमाव और बड़े जलाशयों जैसे असुरक्षित स्थानों पर जाने से बचें। उन्होंने कहा कि स्थानीय लोग अक्सर गर्मी से निजात पाने के लिए ऐसे खतरनाक जलाशयों केगहरे पानी में चले जाते हैं और यही हादसे का कारण बनता है।

**********************

चतरा जिले में बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत 1500 एकड़ भूमि पर 2 लाख 88 हजार इमारती और फलदार पौधे लगाए जायेंगे।

**********************

लातेहार जिले के सदर थाना क्षेत्र की तरवाडीह पंचायत के कोने गांव के पास अनियंत्रित होकर एक चारपहिया वाहन घर में घुस गया। इस दौरान घर में सो रहे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि घर के अन्य तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गये। आसपास के लोगों द्वारा घायलों को सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां प्रारंभिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के सभी को रिम्स रांची  रेफर कर दिया गया। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने लातेहार – सरयू मार्ग को नवरंग चौक के पास शव के साथ जाम कर दिया है। जामस्थल पर पुलिस पहुंच गयी है और ग्रामीणों को समझाने बुझाने का काम कर रही है।

**********************

नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को एक और सफलता मिली है। पुलिस ने चतरा जिले के कुंदा थाना क्षेत्र से प्रतिबंधित नक्सली संगठन के तीन सदस्यों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। उग्रवादियों के पास से एक लोडेड इंसास रायफल, तीन मैगजीन, तीन सौ से ज्यादा गोलियां, एक लोडेड एसएलआर, दो मैगजीन, एक एके 47 समेत कई हथियार बरामद किये गये हैं। चतरा एसपी विकास कुमार पांडेय ने बताया कि गिरफ्तार तीनों नक्सलियों का अपराधिक इतिहास रहा है। इनके खिलाफ विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं।

**********************

जमशेदपुर के सिदगोड़ा थाना क्षेत्र में कुछ अपराधियों ने हत्या के एक गवाह को जान से मारने की कोशिश की। बताया जाता है कि गवाह को मारने के लिए अपराधियों ने चार राउंड फायरिंग की। इस घटना में गवाह तो बच गया लेकिन एक अन्य व्यक्ति गोली लगने से घायल हो गया। बाद में स्थानीय लोगों ने फायरिंग कर भाग रहे एक युवक को धर दबोचा और पुलिस के हवाले कर दिया।

**********************

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने कहा है कि उच्च शिक्षा संस्थानों को सभी निरस्त दाखिलों या माइग्रेशन के मामले में 30 सितंबर तक पूरी फीस लौटानी होगी। आयोग की यह नीति चालू शिक्षा सत्र के लिए है। आयोग ने यह कदम दाख़िला रद्द करने या नाम वापस लेने पर फीस लौटाने के संबंध में छात्रों और अभिभावकों की शिकायतों को देखते हुए उठाया है। यह नीति केंद्रीय या राज्य अधिनियमों के तहत सभी उच्च शिक्षा संस्थानों, आयोग से मान्यता–प्राप्त संस्थानों, सम–विश्वविद्यालयों और दाखिला परामर्श में शामिल संगठनों पर लागू होगी।

**********************

21 जून को 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अर्ध चक्रासन या आधा पहिया आसन की एक वीडियो क्लिप साझा की। वीडियो साझा करते हुए प्रधानमंत्री ने लोगों से आग्रह किया कि स्वस्थ हृदय और बेहतर रक्त प्रवाह के लिए आसन का अभ्यास करें। इस क्लिप में स्वास्थ्य लाभों के साथ–साथ खड़े होकर आसन करने के बारे में हिन्दी और अंग्रेजी में बताया गया है।

**********************

राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिले भीषण गर्मी की चपेट में हैं। आज भी प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के उत्तर–पश्चिम और निकटवर्ती मध्य भाग में हीट वेव का असर रहेगा। हालांकि 17 जून के बाद तापमान में धीरे–धीरे गिरावट आ सकती है। इस दौरान राज्य के अलग–अलग हिस्सों में गर्जन, वज्रपात और तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के प्रभारी अभिषेक आनंद ने बताया कि मॉनसून की मौजूदा प्रगति धीमी है। 16 जून के बाद इसमें तेजी आने की संभावना है। उन्होंने बताया कि झारखंड में मॉनसून 19 जून के आसपास आने की संभावना है।

**********************

8वें एशियन कराटे चैंपियनशिप में झारखंड ने छह स्वर्ण, पांच रजत और नौ कांस्य पदक अपने नाम किये। महाराष्ट्र में हुई इस कराटे प्रतियोगिता में एशिया के सभी देशों ने हिस्सा लिया। भारत की ओर से झारखंड के खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए कुल 20 पदक जीते।

********समाप्त*******